राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार सरकार

विज्ञापन संख्या-BCECEB(Rev)-2019/05 दिनांक- 03.06.2020

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (बिहार सरकार) के अधीन ''अमीन (जिला उप संवर्ग के अंतर्गत अंचल अमीन / भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता कार्यालय / भू-अर्जन निदेशालय)'' के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन एवं ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा के आधार पर पैनल निर्माण से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा संसूचित अधियाचना के अनुसार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधीन ''अमीन (जिला उप संवर्ग के अंतर्गत अंचल अमीन / भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता कार्यालय / भू-अर्जन निदेशालय)'' के पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (Computer Based Test) के आधार पर पैनल निर्माण के लिए विज्ञापन संख्या-BCECEB(Rev)-01/2019, 02/2019 दिनांक 21.12.2019, 03/2019 दिनांक 22.04.2020 एवं 04/2019 दिनांक 30.04.2020 के क्रम में सभी संबंधित अभ्यर्थियों / सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.12.2019 से दिनांक 22.01.2020 एवं 24.04.2020 से 07.05.2020 तक Online आवेदन भरने के क्रम में अगर किसी अभ्यर्थी द्वारा किसी प्रकार की गलत प्रविष्टि हो गई है, तो वे बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की Website : bceceboard.bihar.gov.in पर जाकर "Online Application Portal of Amin" Link पर Click कर "Edit Online" Link पर Click करें। तदुपरांत अपना Registration No. एवं Password डालकर "Submit" बटन पर Click कर अपने Account में Login करने के उपरांत Edit Details Link पर Click कर गलत प्रविष्टि को दिनांक 04.06.2020 से 11.06.2020 तक सुधार कर सकते हैं।

गलती सुधार करने के क्रम में अभ्यर्थी यह ध्यान रखें कि data को Edit करने के उपरांत सभी Steps पर "Save & Next" button click करते हुए "Preview your Application Form" step तक पहुँचे एवं अपने द्वारा Edit किये गये Data को check कर लें एवं अपना declaration हेतु Check Box को Tick कर "Final Submit" button पर click करें। यदि अभ्यर्थी किसी प्रकार की गलती सुधार करने के उपरांत उपरोक्त प्रक्रिया को पूरा नहीं करते हैं तो वैसी स्थिति में उनके द्वारा Edit किये गये data को Edited Data नहीं माना जाएगा एवं उनके द्वारा दिनांक 23.12.2019 से दिनांक 22.01.2020 एवं 24.04.2020 से 07.05.2020 तक की अवधि में दी गयी सारी सूचनाओं को अंतिम रूप से पूर्ण एवं सही माना जाएगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे। Data के final submission के बाद data को दूबारा edit करने का मौका नहीं दिया जाएगा। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा गलत प्रविष्टि की गई है एवं दिनांक 11.06.2020 तक गलती सुधार नहीं करते हैं तो Online आवेदन में की गई गलत प्रविष्टियों हेतु अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे। Data सुधार करने के क्रम में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा शुल्क की अंतर राशि जमा करने की स्थिति बनती है तो data के final submission के बाद सम्बन्धित अभ्यर्थी "Difference Amount E-receipt Print" Link पर click कर difference amount E-receipt Download / Print कर ले जिसमें अंतर राशि जमा करने की विधि का विस्तृत उल्लेख रहेगा। अभ्यर्थी उल्लेखित विधि अनुसार दिनांक 15.06.2020 तक की अवधि में परीक्षा शुल्क की अंतर राशि किसी भी बैंक से NEFT के माध्यम से भुगतान करेंगे एवं भुगतान उपरांत पर्षद के Helpdesk email helpdesk.bcecebaminexam@gmail.com" पर भुगतान से सम्बन्धित जानकारी एवं NEFT Transaction Slip attach कर अपने Registration No. एवं नाम के साथ भेजेंगे। यदि अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क की अंतर राशि जमा नहीं करते हैं या राशि जमा करने से संबंधित जानकारी Helpdesk के उक्त email पर नहीं भेजते हैं या गलत जानकारी भेजते हैं, जिसकी पुष्टि नहीं हो पाती है तो वैसी स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी का प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जा सकेगा।

2. वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने अपने online आवेदन में इन्टरमीडिएट / समकक्ष परीक्षा के अपना प्राप्तांक को CGPA के आधार पर अंकित किया है, उन सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि Data Editing हेतु निर्धारित अवधि में अपना CGPA प्राप्तांक को प्रतिशत में परिवर्तित कर Percentage वाले Column में यथास्थान प्रविष्ट करें, जिसके सत्यापन हेतु अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे। यदि अभ्यर्थी ऐसा नहीं करते हैं तो Shortlisting के क्रम में उनका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि CGPA से प्रतिशत प्राप्तांक में परिवर्तन हेतु अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय अपने शिक्षण संस्थान/ संबंधित बोर्ड से CGPA to Percentage obtained का निर्गत प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में सभी अभ्यर्थियों, जिन्होंने इन्टरमीडिएट / समकक्ष परीक्षा में अपना प्राप्तांक CGPA के आधार पर दिये हैं, को SMS / email के माध्यम से भी सूचित कर दिया जायेगा।

3. Data Editing (गलती सुधार) का यह अंतिम मौका है, इस Data Editing के उपरांत अभ्यर्थी द्वारा दी गयी सारी सूचनाओं को अंतिम रूप से पूर्ण एवं सही माना जायेगा एवं यदि फिर भी कोई गलत प्रविष्ट रह जाती है तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे।

4. Admit Card निर्गत एवं परीक्षा आयोजन की तिथि से संबंधित जानकारी पर्षद के वेबसाईट एवं राज्य के प्रमुख समाचार पत्रों के माध्यम से यथासमय दे दी जायेगी।

नोडल पदाधिकारी